"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग सी. ओ./रायपुर/17/2002."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 300] रायपुर, गुरुवार, दिनांक 31 अक्टूबर 2002—कार्तिक 9, शक 1924

लोक निर्माण विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 28 अक्टूबर 2002

अधिसूचना

क्रमांक 5776/अ.कू./2002.—मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2000 (क्र. 28 सन् 2000) की धारा 79 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा निम्नलिखित आदेश बनाती है, अर्थात् :—

आदेश

1. (1) इस आदेश का संक्षिप्त नाम विधियों का अनुकूलन आदेश, 2002 है.
   (2) यह 1 नवम्बर, 2000 के प्रथम दिन से संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में प्रवृत्त होगा.

2. समय-समय पर यथा संशोधित ऐसी विधियां, जो इस आदेश की अनुसूची में विनिर्दिष्ट हैं और जो छत्तीसगढ़ राज्य की संरचना के अव्यवहित पूर्व मध्यप्रदेश राज्य में प्रवृत्त थी, एतद्द्वारा तब तक विस्तारित तथा प्रवृत्त रहेंगे जब तक कि वे निरसित या संशोधित न कर दी जाएं. उपान्तरणों के अध्यधीन रहते हुए समस्त विधियों में शब्द "मध्यप्रदेश" जहां कहीं भी वे आये हों, के स्थान पर शब्द "छत्तीसगढ़" स्थापित किये जाएं.

3. अनुसूची में विनिर्दिष्ट विधियों के द्वारा या उसके अधीन प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए कोई भी बात या की गई कोई कार्यवाही (किसी नियुक्ति, अधिसूचना, सूचना, आदेश, प्रारूप, विनियम, प्रमाण-पत्र या अनुज्ञप्ति को सम्मिलित करते हुए) छत्तीसगढ़ राज्य में लगातार प्रवृत्त रहेंगी.

अनुसूची

अनुक्रमांक (1)	विधियां के नाम (2)
1.	मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग कार्यभारित तथा आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारियों की भर्ती तथा सेवा शर्तें नियम, 1975.
2.	मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग (अराजपत्रित) सेवा भर्ती तथा सेवा शर्तें नियम, 1972.
3.	मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग मुख्य वास्तुविद (अराजपत्रित) भर्ती एवं सेवा शर्तें नियम, 1977.
4.	भारतीय पथकर अधिनियम, 1951 (क्रमांक 8 सन् 1951) मध्यप्रदेश, में अनुकूलन एवं अद्यतन संशोधन अनुसार.
5.	उत्तरी भारत नौकाघाट अधिनियम, 1878 (क्रमांक 17 सन् 1878) मध्यप्रदेश में अनुकूलन एवं अद्यतन संशोधन अनुसार.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
टी. एस. छतवाल, सचिव.

रायपुर, दिनांक 28 अक्टूबर 2002

क्रमांक 5776/अ.कू./2002.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 5776/अ. कू./02 दिनांक 28 अक्टूबर, 2002 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
टी. एस. छतवाल, सचिव.

Raipur, the 28th October 2002

NOTIFICATION

No.5776/Adp./2002.—In exercise of the powers conferred by Section 79 of the Madhya Pradesh Re-organisation Act, 2000 (No. 28 of 2000). The State Government hereby makes the following order, namely :—

ORDER

1. (i) This order may be called the adaptation of laws order, 2002.
   (ii) It shall come into force in the whole State of Chhattisgarh on the 1st day of November, 2000.

2. The Laws as amended from time to time specified in the Schedule to this order, which were in force in this State of Madhya Pradesh immediately before the formation of the State of Chhattisgarh, are hereby extended and shall be in force in the State of Chhattisgarh until repealed or amended. Subject to the modification that in Laws for the words "Madhya Pradesh" wherever they occur the word "Chhattisgarh shall be substituted.

3. Anything done or any action taken (including any appointment, notification, notice, order, rule, form, regulation, by laws certificate or licence) in exercise of the powers conferred by or under the Laws specified in the Schedule shall continue to be inforce in the State of Chhattisgarh.

SCHEDULE

S. No. (1)	Name of the Acts. (2)
1.	Madhya Pradesh Public Works Department work charged & Contingencies paid employees recruitment and conditions of services Rules, 1975.
2.	Madhya Pradesh Public Works Department (Non Gazzetted) services recruitment and conditions of service Rules, 1972.
3.	Madhya Pradesh Public Wroks Department Chief Architect's Organisation Class III (Non Gazetted) Service recruitment and conditions of service rules, 1977.
4.	Indian Tolls Act, 1951 (8/51) as adapted & ammended to date in M. P.
5.	The Northen India Ferrics Act, 1878 (17/78) as adapted & ammended to date in M. P.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
T. S. CHHATWAL, Secretary.

नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2002.